भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.08.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2579 का उत्तर

तमिलनाडु में रेल लाइनों का विद्युतीकरण

2579. श्री सचिदानन्दम आर.:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास आज की तारीख तक तमिलनाडु में रेल लाइनों के विद्युतीकरण के पूर्ण होने, निर्माणाधीन होने और अभी इन्हें शुरू किए जाने की कुल संख्या के संबंध में आज की तिथि के अनुसार मार्ग-वार कोई आंकड़े हैं;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु में रेल लाइनों के विद्युतीकरण के लिए कुल कितनी धनराशि जारी की गई और खर्च की गई; और

(ग) ये सभी लंबित कार्य कब तक पूरे किए जा रहे हैं और इनके लंबित रहने के क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

तमिलनाडु में रेल लाइनों के विद्युतीकरण के संबंध में दिनांक 07.08.2024 को लोक सभा में श्री सचिदानन्दम आर. के अतारांकित प्रश्न सं. 2579 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): तमिलनाडु राज्य में पिछले 10 वर्षों के दौरान 2,152 मार्ग किलोमीटर (आरकेएम) का विद्युतीकरण किया गया है। अब तक, तमिलनाडु राज्य के 3,921 किमी नेटवर्क में से जुलाई 2024 तक 3,659 किमी का विद्युतीकरण कर दिया गया है। शेष 262 किमी में विद्युतीकरण कार्य को 292 करोड़ रुपए की लागत पर शुरू किया गया है।

विद्युतीकरण परियोजनाओं का पूरा होना वन स्वीकृतियों, आने वाली पारेषण लाइनों के लिए मार्ग का अधिकार और इसकी कमीशनिंग, उल्लंघनकारी उपयोगिताओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियों, परियोजना स्थल (स्थलों) के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिस्थितियों के कारण विशेष परियोजना स्थल के लिए एक वर्ष में कार्य महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजना (परियोजनाओं) के पूरा होने के समय को प्रभावित करते हैं।

******